स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत होगें विविध कार्यक्रम

▶▶ स्वच्छता पर सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री फिल्म को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

▶▶ स्वच्छता पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विकासखण्ड स्तर पर पांच हजार, तीन हजार और दो हजार का पुरस्कार

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ और सुंदर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए बस्तर जिले में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के तहत बस्तर जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विकासखण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा तथा प्रथम पुरस्कार के तौर पर पांच हजार, द्वितीय तीन हजार और तृतीय दो हजार रुपए प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही बस्तर की स्वच्छता पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है । अधिकतम पांच मिनट की डाक्यूमेंट्री फिल्म के लिए प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार तीस हजार रुपए रखा गया है। डाक्यूमेंट्री फिल्म के लिए प्रविष्टि जिला पंचायत कार्यालय के स्वच्छ भारत मिशन शाखा में 25 सितम्बर तक जमा की जा सकती है।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का प्रारंभ 15 सितम्बर को जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक मानव श्रृंखला, स्वच्छता पदयात्रा, रैली और पदयात्रा के साथ किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 16 सितम्बर को खुले में शौच मुक्त किए जाने वाले ग्राम पंचायतों और विकासखण्डों के लिए चरणबद्ध योजना का निर्माण कर मास्टर ट्रैनरों के माध्यम से मशाल रैली और रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही साफ-सफाई, नाखून काटना, साबुन से हाथ धोने की विधि पर चर्चा की जाएगी। 17 सितम्बर को पेयजल स्त्रोत, सड़क, गली, चौक-चौराहों की साफ सफाई, सामुहिक श्रमदान, शासकीय संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई के साथ ही स्वच्छता श्रमदान पर चर्चा की जाएगी। 18 सितम्बर को रैली और रात्रि चौपाल का आयोजन एवं 19 सितम्बर को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना निर्माण दिवस का आयोजन किया जाएगा। 20 सितम्बर को ग्राम पंचायतों में निर्मित शौचालयों के मालिक के साथ शौचालय की पेंटो का फ्लेक्स सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा एवं 21 सितम्बर को जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम में स्वच्छता भ्रमण किया जाएगा। इसके साथ ही पदयात्री सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी स्वच्छता हेतु जागरुकता कार्यक्रम चलाकर डस्टबिन के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। 22 सितम्बर को सामुहिक स्वच्छता अभियान, 23 सितम्बर को शौचालय तकनीकी गुणवत्ता जांच दिवस 24 सितम्बर को स्वच्छता जागरुकता व स्थायित्व दिवस व हैण्डवम्प एवं अन्य पेयजल स्त्रोत के पास साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। 25 सितम्बर को शाला स्वच्छता कालखण्ड का आयोजन किया जाएगा। 26 सितम्बर को स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन एवं 27 सितम्बर को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, स्वच्छता नौरव, स्वच्छता महिला निगरानी समूह एवं बाल सेना के कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। 28 सितम्बर को स्वच्छता नारा लेखन एवं 29 सितम्बर को स्वसहायता समूहों द्वारा घर-घर संपर्क दिवस का आयोजन किया जाएगा। 30 सितम्बर को दशहरे के दिन अस्वच्छता दिवस का आयोजन एवं 1 अक्टूबर को स्वच्छता आधारित फिल्म का प्रदर्शन व एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाईड, के छात्रों द्वारा एक-एक पंचायत की साफ-सफाई एवं शौचालय निर्माण एवं नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। दो अक्टूबर को स्वच्छता सेवा सम्मेलन का आयोजन कर ग्राम सभा में स्वच्छता के स्थायित्व की शपथ तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता प्रेरकों का सम्मान किया जाएगा।

भूमिजल विकास एवं प्रबंधन पर त्रि दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

जल के उचित प्रबंधन से ही आएगी खुशहाली : कलेक्टर

जगदलपुर,13 सितम्बर (सन्यूस)। भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय अंतर्गत केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के राष्ट्रीय भूमिजल एवं अनुसंधान संस्थान रायपुर द्वारा भूमिजल विकास एवं प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ स्थानीय एक होटल में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर धनंजय देवांगन ने कहा कि जल के उचित प्रबंधन से ही खुशहाली आएगी। उन्होने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के 146 जिलों में से 96 जिलों को सूखा घोषित किया जा चुका है, जिनमें बस्तर संभाग के सात जिलों में पांच जिले भी शामिल हैं। उन्होने कहा कि बस्तर में 1500 मिलीमीटर औसत वर्षा होती है और कवर्धा में 830 मिलीमीटर औसत वर्षा होती है। इसके बावजूद बस्तर में अधिकतर किसान सिर्फ धान की खेती करते हैं, जबकि कवर्धा के किसान सोयाबीन और गन्ने के साथ दलहन की खेती भी करते हैं। उन्होंने कहा कि 99 गांवों में एक भी जलस्त्रोत का न होना गंभीर खतरे की चेतावनी है तथा अब सभी को जल के उचित प्रबंधन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ जल के संरक्षण पर ध्यान दिया जा रहा था और अब इसके प्रबंधन को भी महत्व दिया जा रहा है। उन्होने बस्तर के हित में इस प्रशिक्षण को बारीकी से लेने की अपील अधिकारियों से की। कलेक्टर ने कहा कि 1500 मिलीमीटर जल कम नहीं होता है तथा इस जल का बेहतर उपयोग कृषि के क्षेत्र में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जल के उचित प्रबंधन के लिए बच्चों को प्रारंभ से ही शिक्षित किए जाने की आवश्यकता है, जिससे भविष्य में स्थिति और भी भयावह न हो। उन्होने समस्याओं और समाधान पर सार्थक चर्चा किए जाने पर जोर दिया।

तीन दिवसीय इस कार्यशाला में प्रथम दिवस जल क्रांति अभियान के संबंध में जानकारी दिए जाने के साथ ही छत्तीसगढ़ में भू-जल की समस्याओं और चुनौतियां, बस्तर जिले में भूमिजल एवं भूमि जल का अनुमान पर चर्चा, द्वितीय दिवस पर भूमि-जल निगरानी, जानकारी विश्लेषण एवं इसके महत्व, कृत्रिम रिचार्ज एवं भूजल संरक्षण, भू-भौतिकी की मूलभूत बातें, भू-जल जांच के लिए भू-भौतिकीय अनुप्रयोग, भू-जल रसायन की मूल बातें, भू-जल में रासायनिक घटकों का निर्धारण, तीसरे दिन छत्तीसगढ़ में रासायनिक परिदृश्य, जल भृत मानचित्रण एवं भू-जल प्रबंधन तथा भू-जल के नियमन एवं नियंत्रण में केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की भूमिका के संबंध में जानकारी दी जाएगी और चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश अग्रवाल, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक सी पॉल प्रभाकर, सुनील कुमार, वैज्ञानिक महेश सोनखुसरे, एके बिसवाल,एके पाटिल, केएल मंडल एवं आरके त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

पालिका बाजार के भ्रष्टाचार की खोली जाएंगी परतें-महापौर

० इंजीनियरिंग कॉलेज के जानकार बताएंगे पालिका बाजार की इमारत की गुणवत्ता

जगदलपुर, 13 सितम्बर । पुराने बस स्टैण्ड के पालिका बाजार के पांच साल से निर्माण और गुणवत्ता की जांच के विषय में महापौर ने कड़ा फैसला लिया है। उन्होने कहा है कि पालिका बाजार के निर्माण और बनाए गए भवन की गुणवत्ता की जांच करने के लिए एक विशेष कमेटी बनायी जाएगी। इस कमेटी में इंजीनियरिंग कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसरों को शामिल किया जाएगा। कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाएगा। भवन में यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो इसे सही करवाया जाएगा और गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदार और इस कार्य को संपादित करवाने वाले निगम के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मालूम हो कि पालिका बाजार का निर्माण भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुआ। इस निर्माण को लेकर जब 2013 में संयुक्त संचालक ने निरीक्षण किया तो उन्होंने कई कमियां पाई। अपने प्रतिवेदन में उन्होंने स्पष्ट उल्लेखित किया था कि जांच को पूरी तरह प्रभावित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही जांच के दौरान माप पुस्तिका क्रमांक 376 को भी गायब कर दिया गया है। इसके चलते गुणवत्ता को लेकर किसी निष्कर्ष

तक पहुंचना संभव नहीं है।

यही नहीं जांच में इस बात का भी उल्लेख था कि इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ खरे ने बिल्डिंग के नीव और रॉड के लगातार डूबे रहने से इनकी बियरिंग कैपेसिटी पर भी रिपोर्ट दी गई थी। इस रिपोर्ट और उनके निरीक्षण की बात को भी जांच समिति के सामने नहीं लाया गया। इसके बावजूद बिना किसी संशोधन के आगे का निर्माण शुरू किया गया। तकनीकि एक्सपर्ट के टीप का उल्लेख किए बिना निर्माण किया जाना संदेह को जन्म देता है। निर्माण दुबारा शुरू करने की जानकारी को भी छिपाया गया।

पालिका बाजार के निर्माण और इसमें जांच के दौरान पाई गई अनियमितता के चलते पूर्व आयुक्त राहुल वेंकट ने बोधघाट पुलिस और एसपी को पत्र के माध्यम से मई के अंतिम सप्ताह में यह सूचित किया था कि मामले की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने उल्लेखित किया था कि पालिका बाजार की माप पुस्तिका भी वर्तमान सब इंजीनियर के पास नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मामले में कुछ हुआ है।

पालिका बाजार निर्माण में क्या हुआ है इसे स्पष्ट करने का एक ही तरीका है पहले तो एक विशेष जांच समिति बनाई जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल के एक्सपर्ट प्रोफेसरों को शामिल किया जाएगा। आने वाले समय में किसी तरह की जनहानि न हो या फिर जनता के पैसों का दुरुपयोग न हो इसे देखते तकनीकि रिपोर्ट की कमी खामी को पूरा किया जाएगा। यदि निर्माण में गुणवत्ता सही है या गलत है दोनों ही बातों को जनता के समक्ष रखा जाएगा। इससे पालिका बाजार को लेकर जो संदेह चला आ रहा है उसमें विराम लगेगा।

जिला यूनानी औषधालय द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस)।जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर के निर्देशानुसार शासकीय यूनानी औषधालय द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर व स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम 15 से 17 सितम्बर को स्थानीय बंगीय समाज प्रांगण एफसी.आई. गोदाम के पास शहीद महेन्द्रकर्मा वार्ड जगदलपुर में प्रातः 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। जिसमें योग विशेषज्ञ द्वारा योग प्रदर्शन व विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर आयुष चिकित्सक वक्ताओं के द्वारा संबोधित किया जाएगा।

बीपीएस को हुई क्षति का विधायक और अधिकारी करे भरपाई- मौर्य

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस)। बस्तर परिवहन संघ मामले में स्थानीय विधायक ने अपने प्रभाव से अधिकारियों पर दबाव बनाकर धारा 144 लागू करवाया था। हाईकोर्ट ने बस्तर परिवहन संघ पर लगे धारा 144 को हटाने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के निर्णय का कांग्रेस स्वागत करती है। इससे बस्तर में परिवहन व्यवस्था की रीढ के रूप में कार्य कर रही बीपीएस के सदस्यों को न्याय मिला है। धारा 144 लागू किये जाने के चलते बीपीएस के सदस्यों को जो क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई स्थानीय विधायक एवं अधिकारीगणों से किया जाये कांग्रेस यह मांग करती है। उक्त बाते युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुशील मौर्य ने 13 सितम्बर को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने दूरदराज के ग्रामीणों को शहर में लाकर रैली के माध्यम से माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया था। इस पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। सुशील मौर्य ने यह भी कहा कि प्रशासनिक अधिकारी नियम के विपरीत विधायक एवं मंत्री के दबाव में आकर कार्यवाही न करें क्योंकि जनता उनसे निष्पक्ष रूप से कार्यवाही की आशा करती है। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कविता साहू, सेमुअल नाथ एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

थामस फिलीप ने जीता अखिल भारतीय वेटरन टेनिस प्रतियोगिता

जगदलपुर 13 सितंबर (सन्यूस)। छत्तीसगढ़ टेनिस एसोसिएशन के द्वारा आल इण्डिया वेटरन्स टेनिस टूर्नामेन्ट का आयोजन गत 04 सितंबर से 08 सितंबर तक चौआई पी क्लब रायपुर में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 45 से अधिक आयु वर्ग के सेमीफायनल में भिलाई के जान मथाई को 6-3, 6-3 से हराया तथा रायपुर के सुनील सुराना ने चन्डीगढ़ के भूतपूर्व विजेता शशीभूषण शर्मा को 6-2, 6-4 से हराकर फायनल में प्रवेश किया।

फायनल मैच में जगदलपुर के थॉमस फिलीप ने सुली सुराना को 6-1, 0-6 एवं 7-5 से शिकस्त देकर अखिल भारतीय टेनिस ट्राफी पर कब्जा कर लिया। बस्तर संभा से टेनिस में पहली बार ऐसी कामयाबी मिली है। 35 प्लस आयु में थॉमस फिलीप ने सेमी फायनल में सतीर्थ पटनायक भुवनेश्वर से पराजित हुये। इन्दिरा स्टेडियम में बच्चों को इनके द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बस्तर जिला टेनिस संघ से इस सफलता पर जतिन जयसवाल ,मो.फिरोज बस्तरिया, कुणाल, जोगिन्दर, सुखविन्दर, विनायक, श्याम, मोहन पटेल, बंटी, मोन्टू, अनुराग, यशवर्धन, डॉ. आजाद आदि ने शुभकामनायें दी है।

आगामी चुनाव के मद्देनजर भाजपा के बैठको का सिलसिला निरंतर जारी

कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने व लोगो से सतत संपर्क की पहल

जगदलपुर 13 सितंबर (सन्यूस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी चुनाव के मददेनजर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा क्षेत्र के लोगो से सतत सम्पर्क स्थापित करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रमो का आयोजित पंचायत एवं ब्लाक स्तर पर करने की रूप रेखा बनाई गयी है जिसके तहत जिला,मण्डल एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठकों का सिलसिला निरन्तर चल रहा है। इसी तारतम्य में 13 सितंबर को भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें सभी मण्डलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल हुये। बैठक में जिला महामंत्री रूपसिंह मंडावी ने सभी पदाधिकारियों को 15 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

वहीं दोपहर को ही जिला कार्यालय में भाजपा बस्तर जिला पिछड़ा मोर्चा की भी बैठक आहूत की गयी जिसमें सरकार द्वारा चलये जा रहे योजनाओं के सही क्रियान्वयन हेतु प्रयास किये जाने की बात जिलाध्यक्ष बैदूराम कश्यप ने कही। उनके साथ अतिथि के रूप में छ.ग. वन विकास निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी,पूर्व जिलाध्यक्ष विधाशरण तिवारी एवं अन्य मंचस्थ थे।

जिल कार्यकारिणी की बैठक में महामंत्री रूपसिंह मण्डावी ने आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगो को इन कार्यक्रमों में शामिल करने का निर्देश दिया। बैठक में उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डे महामंत्री रामाश्रय सिंह के साथ मंत्री वेदप्रकाश पाण्डे और सभी मण्डलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे।

जिला कार्यालय के सभागार में बस्तर जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चो की बैठक आहूत की गयी। जिसमें सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के लिए पदाधिकारियों से अपील करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ. सुभाऊ कश्यप ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जिन हितग्राहियो को मिला है उनसे मिलकर उत्साह वर्धन करने की बात उन्होने कही। अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परीश बेसरा ने भी सभी का आगामी चुनाव के मददेनजर सक्रियता के साथ जनसम्पर्क करने का निर्देश दिया।

पदाधिकारियों को सम्बोधित किया

सीताराम सेठिया के किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई



जगदलपुर 13 सितंबर (सन्यूस)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा छ.ग. किसान(किसान एवं खेत मजदूर) कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बस्तर(जगदलपुर) के पद पर मारकेल निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी सीता राम सेठिया को नियुक्त किये जाने पर बस्तर जिला के समस्त कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है। उन्होने उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होने कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी मजबूत होगी।

विधायक लखेश्वर बघेल, महापौर जतीन जायसवाल,पूर्वमंत्री शंकर सोढी, विधायक दीपक बैज,अतिरिक्त शुक्ला,एसपाल ठाकुर, मिथलेश स्वर्ण कारत, रेखचद जैन, ओमकार सिंह जायसवाल, सुरेन्द्र झा, दिनेश सिंहा सहित समस्त कांग्रेसजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित 8 परिवारों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस)। बस्तर कलेक्टर द्वारा संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत अधिकारों का उपयोग करते हुये प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं से पीड़ित 8 परिवारों को 32 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत् बस्तर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम नारायणपाल के सहादेव की मृत्यु नदी के पानी में डूबने से उनकी पत्नी श्रीमती मंदोबाई को, ग्राम मांदपाल के छबीलाल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता श्री लखु को, ग्राम कावड़गांव के शंभुराम कोर्राम की मृत्यु सांप काटने से पत्नी श्रीमती बुदमनी को, ग्राम राजपुर के श्री लक्ष्मण की मृत्यु सांप काटने से पिता श्री लेदू को एवं ग्राम देवड़ा की बेलावती की मृत्यु गाज गिरने से पति श्री कैलाश को तथा विकासखण्ड बकावंड के करंजी की कुमारी रेवती की मृत्यु आग में जलने से पिता श्री देवनाथ को और विकासखण्ड दरभा के ग्राम मुन्देनार के बोड्डा की मृत्यु सांप काटने से पति श्रीमती डोले को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

नारी शक्ति पुरस्कार हेतु नामांकन 25 सितम्बर तक

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस) महिला एवं बाल विकास द्वारा महिलाओं के उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नारी शक्ति पुरस्कार दिये जाएगे। प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 01 लाख रूपए नगद एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा और पुरस्कार के लिए नामांकन हेतु संबंधित क्षेत्र में 05 वर्ष का कार्यानुभव होना आवश्यक है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ अधिकतम 25 सितम्बर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर अथवा संबंधित क्षेत्र के परियोजना अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग में जमा किया जा सकता है। निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (कलेक्ट्रेट परिसर) जगदलपुर से 25 सितम्बर तक कार्यालयीन दिवसों पर प्राप्त कर सकते हैं।

नोडल अधिकारी नियुक्त

दंतेवाड़ा 13 सितंबर (सन्यूस)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशती समारोह एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का तिथिवार आयोजन किया जाना है तथा दोनों कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सीईओ डॉ गौरव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

पूर्वतट रेल की मनमानी

संपादक महोदय ,

विगत मंगलवार को रेलपटरी पर एक झाड़ गिर जाने के कारण विशाखा-किरंदुल पेसेंजर को कावड़गांव स्टेशन पर रोक दिया गया तथा वापिस जगदलपुर भेज दिया गया इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई । यह पूर्व तट रेलवे के अफसरों की मनमानी एवं नाकामी है कि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। क्या इसी तरह न्यू इंडिया बनेगा। एक झाड़ को हटाने के लिए 20-25 मजदूर की लगते तथा यही नहीं रेल यात्रियों के श्रमदान का सहयोग मिलता। ज्यादा से ज्यादा 2-3 घंटे भाड़ हटाने में लगते पर रात का अंधेरा था तो अगली सुबह तक इंतजार भी यह लापरवाही का मामला है। इस पैसेंजर को मनमाने ढंग से चलाया जा रहा है क्योंकि मालगाड़ी महत्वपूर्ण है जो कि एक हर तरह की तस्करी की साधन भी है लौह अयस्क लकड़ी चोरी आम है।

पाठकों के पत्र

लेखक के विचारों के साथ संपादक की सहमति जरूरी नहीं

राजेन्द्र पांडे
आडावाल जगदलपुर

वाहन चालक पदों की पूर्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू 19 सितम्बर को

जगदलपुर, 13 सितम्बर (सन्यूस) स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अधीक्षक संयुक्त संचालक कार्यालय जगदलपुर द्वारा वाहन चालक के पदों की पूर्ति के लिए कलेक्टर दर पर 19 सितम्बर को 10.30 बजे से कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक महारानी अस्पताल जगदलपुर में वॉक इन इंटरव्यू हेतु आमंत्रित किये गये हैं। पात्रता रखने वाले उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 2017 की स्थिति में 18 वर्ष से 35 वर्ष होना चाहिए। वाहन चालक हेतु 8वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण एवं भारी वाहन चलाने का अनुज्ञापत्र होना चाहिए।